<u>प्रकाशनार्थ</u>

दिनांक – 01.05.2018

बायोटैक विभाग के छात्रों ने किया जालमा संस्थान का भ्रमण

आगरा। आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टैक्नीकल कैम्पस आगरा के जैव–प्रौद्योगिकी विभाग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं ने ताजगंज स्थित राष्ट्रीय जालमा कुष्ठ माइक्रोबैक्टीरियल रोग संस्थान आगरा का भ्रमण किया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने कुष्ठ रोग एवं टी0बी0 से जुड़े महत्वपूर्ण कारक, उनके उपचार एवं इनके संक्रमण की रोकथाम को रोकने के लिए जालमा स्थित विभिन्न प्रयोगशालाओं जैसे माइक्रोस्कोपी लैब, बायोकेमिस्ट्री लैब, इम्मयूनोलॉजी लैब आदि प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर संस्थान में चल रहे विभिन्न शोध कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जालमा संस्थान के सहायक निदेशक डा0 वी0के0 शर्मा ने छात्रों को बताया कि जालमा संस्थान में इलैक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी का उपयोग कर कुष्ठ रोग एवं अन्य माइक्रोबैक्टीरिया से होने वाली बीमारीओं जैसे टी0बी0 की पहचान की जाती है। साथ ही ई–सूक्ष्मदर्शी में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होने छात्रों को जालमा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न प्रोजेक्टों के बारे में बताया एवं छात्रों को बायोटैक्नोलॉजी में रिसर्च करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने डा0 शर्मा के साथ अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया एवं उनका समाधान किया।

संस्था के निदेशक प्रो. अनिल किशोर ने छात्रों एवं शिक्षकों को सफल औद्योगिक भ्रमण पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डा0 आर0के0 जैन ने किया। भ्रमण के दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर श्री प्रकाश कुमार, प्रयोगशाला सहायक श्री पंकज कुलश्रेष्ठ एवं सभी छात्र उपस्थित रहे।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप महता ने विभाग को छात्रों के लिए जालमा संस्थान का भ्रमण आयोजित करने के लिए बधाई दी।